कार्यालय जनपद न्यायाधीश, देवरिया।

विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय के परिपत्र संख्या–14/एडमिन 'डी' अनुभाग, दिनांकित 15.10.2022 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में न्यायिक अधिष्ठान से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण में से ऐसे कर्मचारीगण जिनकी आयु 65 वर्ष से कम हो, की अधोलिखित तालिकानुसार न्यायिक अधिष्ठान देवरिया में तृतीय श्रेणी संवर्ग एवं चतुर्थ श्रेणी संवर्ग के रिक्त पदों पर पुनर्नियुक्ति की जानी है। यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी जो एक वर्ष तक की अवधि के लिए (यदि उक्त पद प्रोन्नति व सीधी भर्ती के माध्यम से न भरे जाये या आवेदक की आयु 65 वर्ष पूर्ण न हो जाये या इनमें से जो भी पहले हो तक) की जायेगी। भर्ती साक्षात्कार एवं संबंधित कर्मचारी के पूर्व सेवा अभिलेख एवं वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि के आधार पर माननीय उच्च न्यायालय के अनुमोदनोपरान्त की जायेगी।

उक्त पदों का वेतनमान, आवेदक को मिलने वाले अन्तिम आहरित वेतन में से वर्तमान पेंशन की धनराशि को घटाते हुए, शेष धनराशि परिलब्धियों के रूप में देय होगी।

आवेदक को अपने प्रार्थना पत्र के साथ उनके विरूद्ध कोई आपराधिक मामला लम्बित न होने और न ही किसी न्यायालय द्वारा उन्हें दोषसिद्ध किया गया है, संबंधी शपथ–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। आवेदक को दो सम्भ्रान्त व्यक्तियों द्वारा चरित्र प्रमाण–पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

चयनित आवेदकों को सेवा में पुर्ननियुक्ति के पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी देवरिया द्वारा जारी स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र नियुक्ति तिथि से एक सप्ताह के अन्दर प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

आवेदक अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप पर **दिनांक 05.03.2024** की सायं 05:00 बजे तक प्रशासनिक कार्यालय, जनपद न्यायालय, देवरिया मे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदक साक्षात्कार हेतु दिनांक **12.03.2024** को सायंकाल 04:30 बजे जनपद न्यायालय, देवरिया परिसर स्थित प्रशासनिक कार्यालय में उपस्थित होगें। साक्षात्कार हेतु उपस्थित व्यक्तियों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

क्र0सं0	पदनाम	कुल रिक्त पदों की संख्या
1	तृतीय श्रेणी संवर्ग	110
2	चतुर्थ श्रेणी संवर्ग	37

कम्प्यूटर अनुभाग, माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद एवं जनपद न्यायालय, देवरिया की अधिकारिक बेबसाईट पर भी अपलोड कराये तथा सूचना पट्ट पर सर्व साधारण को सूचनार्थ चस्पा किया जाय।

एक प्रति जिला सूचना अधिकारी, देवरिया को व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु प्रतिष्ठित स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशनार्थ प्रेषित हो।

22/02/2024

दिनांक–22.02.2024

जनपद न्यायाधीश,
देवरिया।

जनपद न्यायाधीश
देवरिया

प्रतिलिपि सेवा में Computer Section, Judgeship, Deoria.
सूचनार्थ प्रेषित।

आज्ञा से

जनपद न्यायालय, देवरिया में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति के माध्यम से भरे जाने वाले रिक्त पदों पर सेवायोजन के लिए आवेदन–पत्र।

(As per C.L. No.14/Admin.'D' Section Dated 15.10.2022)

आवेदित पद का नामः–लिपिक संवर्ग/चतुर्थ श्रेणी संवर्ग

नवीतम पासपोर्ट साइज फोटो

1. आवेदक का नाम :
2. पिता/पति का नाम :
3. जन्म तिथि :
4. सेवानिवृत्त की तिथि :
5. अन्तिम धारित पद एवं जनपद न्यायालय का नाम (जहां से सेवानिवृत्त हुए हैं)

   ....

6. पी0पी0ओ0 संख्या (छायाप्रति संलग्न करें):...
7. स्थायी पताः ....
   ....
   ....
8. अस्थायी पताः ....
   ....
   ....
9. मोबाईल नम्बरः ....
10. ई0मेल आई0डी0: ....
11. शैक्षणिक योग्यताः ....

अण्डरटेकिंग

मैं इस आशय की अण्डरटेकिंग प्रस्तुत कर रहा हूँ/कर रही हूँ कि मैं शारीरिक रूप से स्वस्थ हूँ एवं जनपद न्यायालय देवरिया में आवेदित पद पर कार्य करने करने हेतु सक्षम हूँ । मेरे सेवाकाल में मेरी जानकारी के अनुसार मुझे कोई ऐसा दण्ड या प्रविष्टि नही दी गयी है, जिससे पुनर्नियुक्ति में बाधा हो। मेरे विरुद्ध कोई भी आपराधिक कार्यावाही लम्बित नही है।

मैं प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ कि उपरोक्त सभी सूचनायें मेरे निजी जानकारी में सही व सत्य है। यदि किसी भी समय सूचनायें गलत या झूठी पायी गयी तो उसकी पूर्णरूपेण जिम्मेदारी मेरी स्वंय होगी व इस सम्बन्ध में मेरे विरुद्ध की गयी कार्यवाही मुझे स्वीकार होगी। मैनें आवेदन संबंधी सभी नियम/शर्तों का अवलोकन कर लिया है तथा सभी मुझे स्वीकार है।

दिनांक:

आवेदक के हस्ताक्षर